J.V. JAIN COLLEGE, SAHARANPUR

(NAAC Accredited, College With Potential for Excellence, Affiliated to M.S. University, Saharanpur)

Estd. 1955 *Ph. No. - 09456004915*

पत्रांक :– स्टैनो / आ0सू0 / 144 / 2023–24 दिनांक :– 23.11.2023

आवश्यक सूचना

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनुपर के पत्रांक 1493 / प्रवेश / एम0एस0यू0 / 2023–24 दिनांक 06 / 11 / 2023 के अनुपालन में महाविद्यालय में सत्र 2023–24 के एलएल0बी0 प्रथम वर्ष के शेष रिक्त सीटों पर ओपन वरीयता सूची, प्रतीक्षा सूची प्रथम एवं प्रतीक्षा सूची द्वितीय आज दिनांक 23.11.2023 को निर्गत कर दी गई है, जो महाविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। ओपन वरीयता सूची के प्रवेश दिनांक 25.11.2023 को प्रातः 10:30 बजे से अपराहन् 01:30 बजे के मध्य निम्न समिति द्वारा सम्पादित किये जायेंगें। तत्पश्चात ओपन वरीयता सूची से रिक्त सीटों के सापेक्ष वरीयतानुसार प्रतीक्षा सूची प्रथम से दिनांक 28.11.2023 को प्रातः 10:30 बजे से 01:30 बजे तक तथा प्रतीक्षा सूची प्रथम से रिक्त सीटों के सापेक्ष आरक्षण अनुसार प्रतीक्षा सूची द्वितीय से दिनांक 29.11.2023 को प्रातः 10:30 बजे से अपराहन् 01:30 बजे तक आरक्षण व वरीयताक्रमानुसार प्रवेश सम्पादित किये जायेंगे। महाविद्यालय में प्रवेश कम्प्यूटरीकृत विधि से निम्नानुसार किये जायेंगे –

एलएल0बी0 प्रथम वर्ष
प्रो0 अशोक कुमार शर्मा, संयोजक
डॉ0 विवेक अग्रवाल, सदस्य

मेरिट में जिन अभ्यर्थियों का नाम सम्मिलित होगा वे महाविद्यालय सूचना केन्द्र से प्रवेश फार्म प्राप्त कर उसको पूर्ण रूप से भरकर विधि विभाग में प्रवेश समिति के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर समस्त पत्राजात (जिसकी सूचना प्रवेश फार्म में उपलब्ध है) संलग्न करते हुए फीस कार्यालय में अपना पाठ्यक्रम शुल्क जमा कराने के उपरान्त् कम्प्यूटरीकृत प्रवेश प्रक्रिया हेतु **कक्ष सं0 06** में उपस्थित होकर अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। अभ्यर्थी महाविद्यालय की वेबसाईट www.jvjaincollege.com पर अपलोडिड प्रोस्पैक्टस एवं फीस चार्ट से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है। साथ ही महाविद्यालय के हैल्पलाईन नम्बर 09456004915 पर प्रभारी, सूचना केन्द्र से प्रातः 10:00 बजे से अपराहन् 02 बजे के मध्य जानकारी प्राप्त कर सकते है।

नोट :– वरीयता सूची में किसी भी त्रुटि / संशोधन की स्थिति में सम्बन्धित प्रवेशार्थी दिनांक 23.11.2023 को अपराहन् 03 बजे से 05 बजे तक वांछित साक्ष्यों के साथ डीन कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा स्वीकार्य करना सम्भव नहीं होगा। ओपन वरीयता सूची में सीटें रिक्त रहने की स्थिति में ही प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को प्रवेश का अवसर दिया जायेगा। प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थी प्रवेश समिति से प्रवेश की पुष्टि करने के बाद ही प्रवेश फार्म खरीदें। अन्यथा कि स्थिति में प्रवेश फार्म खरीदे जाने सम्बन्धी उत्तरदायित्व सम्बन्धित का ही होगा।

नोट :– प्रतीक्षा सूची प्रथम हेतु अभ्यर्थी दिनांक 28.11.2023 को प्रातः 10:30 बजे तक तथा प्रतीक्षा सूची द्वितीय हेतु अभ्यर्थी दिनांक 29.11.2023 को प्रातः 10:30 बजे तक व्यक्तिगत रूप से समस्त मूल प्रमाण–पत्रों के साथ विधि विभाग में रिपोर्ट करें। उपरोक्त दोनों दिनांक में प्रातः 10:30 बजे तक रिपोर्ट न करने पर अभ्यर्थी का प्रवेश हेतु दावा स्वतः ही समाप्त हो जायेगा।

(प्रो0 हरि ओम गुप्ता)
का0 प्राचार्य

Offg. Principal
J.V. Jain College
Saharanpur

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रति प्रेषित :–

1. डॉ0 हरवीर सिंह चौधरी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता।
2. प्रो0 संदीप गुप्ता, चीफ प्रोक्टर।
3. उक्त 02 शिक्षिका / शिक्षकगण।
4. समस्त शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के ऑफिशियल व्हाट्स–एप ग्रुप पर।
5. श्री सौरभ जैन, फीस इंचार्ज।
6. डॉ0 प्रदीप कुमार जैन, का0 कार्यालय अधीक्षक – नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाने हेतु।
7. मिस प्राची जैन, स्टैनो – महाविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
8. श्री दीपक सिंह, नैत्यिक लिपिक, सूचना केन्द्र।